समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान से देश मे गुस्सा, परिवार बोला – किसी भी कीमत पर माफ न किया जाए।

Publisher Published on 17 May 2025




## MP मंत्री विजय शाह की टिप्पणी पर बवाल, सोफिया के परिवार ने मांगा इस्तीफा।

**मध्य प्रदेश सरकार** के मंत्री **विजय शाह** द्वारा **कर्नल सोफिया कुरैशी** पर की गई विवादित टिप्पणी के बाद देशभर में गुस्सा है। अब खुद **कर्नल सोफिया कुरैशी** के परिवार ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई और इस्तीफे की मांग की है।

विजय शाह ने कथित तौर पर कहा था, "हमने आतंकवादियों को मारने के लिए उनकी ही बहन को भेजा और उनकी ऐसी की तैसी करवा दी।"

उनके इस बयान को महिला सैनिकों का अपमान और सेना की गरिमा पर हमला बताया जा रहा है। बढ़ते विवाद के बाद FIR दर्ज की गई और मंत्री ने माफी मांगी, लेकिन मामला शांत नहीं हुआ।

सोफिया कुरैशी के भाई बोले – वो सिर्फ हमारी नहीं, पूरे देश की बेटी हैं
छतरपुर में रहने वाले **सोफिया कुरैशी** के **भाई बंटी सुलेमान** ने एक बातचीत में कहा: "सोफिया सिर्फ हमारी बेटी नहीं, वो देश की बेटी हैं। उन्होंने सेना में रहकर देश की सेवा की है। विजय शाह के बयान से उस सेवा का अपमान हुआ है। उन्हें किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जाना चाहिए।"

**पीएम मोदी और मंत्रियों से की गई कार्रवाई की मांग**
कर्नल सोफिया के परिवार ने **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह** और **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** से अपील की है कि वे

इस मामले में **विजय शाह** के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

वहीं कांग्रेस पार्टी लगातार सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रही है और इस बयान को देशद्रोह तक करार दे रही है।

**विजय शाह पर केस दर्ज – हाईकोर्ट ने दिया आदेश**
**वीडियो वायरल होने के बाद मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा।**
**हाईकोर्ट के निर्देश पर विजय शाह के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।**
**बीजेपी नेता द्वारा माफी मांगने के बाद भी विपक्ष हमलावर बना हुआ है।**

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.